तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026

4 दीदियों की अनूठी पहल, चावल और बीज से तैयार कर रही राखी, रक्षाबंधन पर बिखरेगा हरियाली






## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### पुलिस की कार्रवाई, 5 जुआरी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुसौर और पूंजीपथरा पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नकदी, दो मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन तथा जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री जब्त की गई है। पुसौर पुलिस को ग्राम कठली के बड़े तालाब के पास खुड़खुड़िया, जुआ खेलने की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम ने के पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही कुछ लोग भाग निकले, जबकि दिनेश कुमार चौधरी, उमाकांत निषाद और कमलेश निषाद को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान तीनों आरोपियों के पास से एक हजार नकद, दो मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन समेत अन्य सामग्री बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 6 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई। इसी कड़ी में पूंजीपथरा पुलिस ने सुनील इस्पात, चिराईपानी के पास स्टाइगर जुआ संचालित किए जाने की सूचना पर दबिश देकर पंकज शर्मा और ऋषभ बाजपेई को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से तीन स्टाइगर गोटियां और 500 रुपये नकद जब्त किए गए। दोनों के खिलाफ भी छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### म्यूल एकाउंट गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा । साइबर अपराध पर शिकंजा कसते हुए जांजगीर-चांपा पुलिस ने म्यूल अकाउंट (बैंक खातों) के जरिए देशभर में ऑनलाइन ठगी कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। साइबर थाना पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी 10 से 15 हजार रुपये के कमीशन के लालच में अपने नाम से बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराते थे। इन्हीं खातों के माध्यम से देश के अलग-अलग राज्यों में ऑनलाइन ठगी की रकम जमा और स्थानांतरित की जाती थी। पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देश पर समन्वय पोर्टल से प्राप्त इनपुट के आधार पर साइबर थाना जांजगीर-चांपा ने तकनीकी साक्ष्यों एवं बैंकिंग लेन-देन की गहन जांच की। जांच में पता चला कि कर्नाटक और महाराष्ट्र के तीन साइबर ठगी मामलों में कुल 1 लाख 62 हजार 149 रुपये की ठगी की गई थी। यह पूरी राशि चांपा के 5 आरोपियों द्वारा उपलब्ध कराए गए म्यूल खातों में ट्रांसफर हुई थी। पुलिस ने चांपा निवासी हरिशंकर श्रीवास, अनिल नामदेव उर्फ चेतन, राजेश सोनी उर्फ रिंकु सोनी, संदीप सिंह ठाकुर, कमल विरानी को गिरफ्तार किया।

### सड़क काटने वाले राइस मिल संचालक पर एफआईआर

**अकलतरा।** नगर में शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश के दौरान सामने आई गंभीर लापरवाही और कथित मनमानी पर आखिरकार प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य मार्ग स्थित महावीर राइस मिल परिसर में जलभराव की समस्या से निजात पाने के लिए मिल संचालक द्वारा बिना किसी वैधानिक अनुमति के जेसीबी मशीन से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की मुख्य सड़क कटवा दी गई। इससे नगर का प्रमुख मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। आम नागरिकों को करीब पांच घंटे तक भारी जाम, अव्यवस्था और परेशानी का सामना करना पड़ा।

## सड़क हादसों का डरावना औसत, हर दिन दो सड़क हादसे, एक मौत और दो घायल

# रफ्तार के आगे हार रही जिंदगियां: हादसों में टॉप 5, मौतों में नंबर-2, सड़कों पर दुर्घटनाओं का मंजर

चार साल में 2,442 दुर्घटनाएं, 2337 घायल, 1358 की गई जान



### इस तरह समझें हादसों का क्रम

राज्य भर में इस अवधि में सबसे अधिक 7218 सड़क दुर्घटनाएं रायपुर में दर्ज हुईं। इसके बाद बिलासपुर 4815, दुर्ग 4417, कोरबा 2824 और रायगढ़ 2442 का स्थान है। यानी रायगढ़ ने कई बड़े जिलों जैसे सरगुजा, महासमुंद, जांजगीर-चांपा और राजनांदगांव को पीछे छोड़ दिया है। इससे साफ है कि राष्ट्रीय राजमार्गों, औद्योगिक गतिविधियों और भारी वाहनों की आवाजाही वाले जिले के रूप में रायगढ़ सड़क सुरक्षा की बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। मौतों के आंकड़ों में भी रायगढ़ की स्थिति चिंताजनक है। इस अवधि में रायपुर में 2073, कोरबा में 1327, बिलासपुर में 1189, दुर्ग में 1156 और रायगढ़ में 1358 मौतें दर्ज हुईं। यानी दुर्घटनाओं की तुलना में रायगढ़ में मृत्यु दर भी काफी अधिक दिखाई देती है। वहीं घायल होने वालों की संख्या 2337 रही, जो बताती है कि जिले में होने वाले हादसे अक्सर गंभीर साबित हो रहे हैं।

### राज्य के औसत से भी अधिक

यदि पूरे राज्य की बात करें तो जनवरी 2023 से 15 जून 2026 तक 51883 सड़क दुर्घटनाएं, 23820 मौतें और 43950 लोग घायल हुए। 33 जिलों के आधार पर देखें तो इस अवधि में प्रति जिले औसतन लगभग 1572 सड़क दुर्घटनाएं, 722 मौतें और 1332 घायल दर्ज हुए। इसके मुकाबले रायगढ़ में 2442 दुर्घटनाएं, 1358 मौतें और 2337 घायल हुए, जो राज्य के औसत से काफी अधिक हैं। यानी रायगढ़ में दुर्घटनाएं राज्य के औसत से करीब 55 प्रतिशत अधिक, जबकि मौतें लगभग 88 प्रतिशत अधिक दर्ज हुई हैं।

### फैक्ट फाइल

**सबसे अधिक सड़क हादसे**

| जिला | सड़क दुर्घटनाएं |
|---|---|
| रायपुर | 7218 |
| बिलासपुर | 4815 |
| दुर्ग | 4417 |
| कोरबा | 2824 |
| रायगढ़ | 2442 |

**सड़क हादसों में सबसे अधिक मौत**

| जिला | मृतक |
|---|---|
| रायपुर | 2073 |
| रायगढ़ | 1358 |
| कोरबा | 1327 |
| बिलासपुर | 1189 |
| दुर्ग | 1156 |

**सड़क हादसों में सबसे अधिक घायल**

| जिला | घायल |
|---|---|
| रायपुर | 5084 |
| बिलासपुर | 4360 |
| दुर्ग | 3749 |
| कोरबा | 2417 |
| रायगढ़ | 2337 |

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में सड़क हादसे, अब महज आंकड़े नहीं, बल्कि हर दिन किसी न किसी परिवार की जिंदगी उजाड़ने वाली हकीकत बन चुकी है। यह हम नहीं बल्कि पुलिस का रिकार्ड कह रहा है। जो आंकड़े सामने आए हैं वह की डरावना सच से कम नहीं है। यहां रफ्तार के आगे जहां जिंदगियां हार रही हैं। वहीं हादसों में रायगढ़ है टॉप-5 पर तो मौतों में तो नंबर 2 है। यह रायगढ़ की सड़कों पर आए दिन दुर्घटनाओं का मंजर है।

जनवरी 2023 से 15 जून 2026 तक जिले में 2 हजार 442 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1 हजार 358 लोगों की जान चली गई और 2 हजार 337 लोग घायल हुए। चौंकाने वाली बात यह है कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या के मामले में रायगढ़ पूरे प्रदेश में पांचवें, जबकि मौतों के मामले में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। औसतन जिले में हर दिन दो सड़क हादसे हो रहे हैं और रोज एक व्यक्ति की जान सड़क दुर्घटना में जा रही है। यह आंकड़े जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

रायगढ़ जिले में सड़क हादसे अब एक गंभीर सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती बन चुके हैं। तेज रफ्तार, यातायात नियमों की अनदेखी, भारी वाहनों का दबाव और लापरवाही से वाहन चलाने की प्रवृत्ति लगातार लोगों की जान ले रही है। हर दिन होने वाले हादसे कई परिवारों की खुशियां छीन रहे हैं और अनेक लोग जिंदगीभर के लिए अपंग हो रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि सड़क सुरक्षा के मामले में रायगढ़ की स्थिति प्रदेश के सबसे संवेदनशील जिलों में शामिल हो गई है। यह स्थिति केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि वाहन चालकों और आम नागरिकों के लिए भी चेतावनी है कि यदि समय रहते सावधानी और सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में हालात और भयावह हो सकते हैं। वहीं दूसरी ओर लगातार बढ़ते हादसों के आंकड़े सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। आंकड़ों पर नज़र डालें तो पता चलता है कि जनवरी 2023 से 15 जून 2026 तक रायगढ़ जिले में औसतन हर महीने 59 सड़क हादसे हुए, जिनमें 33 लोगों की मौत हुई और 56 लोग घायल हुए। यानी जिले में लगभग हर दिन दो सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें औसतन एक व्यक्ति की जान गई और दो लोग घायल हुए। ऐसा भी नहीं है कि यातायात पुलिस लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं कर रहा है, बल्कि हर महीने ऐसे हजारों चालकों पर कार्रवाई करते हुए लाखों रुपए का जुर्माना लगाया जाता है। शराब के नशे में गाड़ी चालने वालों पर भी समय समय पर कार्रवाई की जाती है। किंतु इन कार्रवाईयों का ठोस असर धरातल पर नज़र नहीं आ रहा है।

### पुलिस महकमे की सर्जरी, थाना प्रभारियों सहित 16 के तबादले

**रायगढ़।** जिले में पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक सहित कुल 16 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण किया गया है। सभी को आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के मुताबिक कई थाना प्रभारियों के दायित्वों में बदलाव किया गया है। रक्षित केंद्र रायगढ़ में पदस्थ निरीक्षक रोशन कौशिक को थाना प्रभारी भूपदेवपुर, धर्माराम तिर्की को थाना प्रभारी कापू तथा रोहित बंजारे को थाना प्रभारी यातायात बनाया गया है। वहीं यातायात थाना प्रभारी नारायण सिंह मरकाम को थाना प्रभारी अजाक की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि अजाक थाना प्रभारी अनुरंजन लकड़ा को रक्षित केंद्र रायगढ़ भेजा गया है। निरीक्षक अमित कुमार तिवारी को रक्षित केंद्र से प्रभारी न्यायालय शाखा, पुलिस कार्यालय रायगढ़ में पदस्थ किया गया है। उप निरीक्षकों के तबादलों में इगेश्वर यादव को कापू से रैरूमाखुर्द चौकी प्रभारी, विजय कुमार एक्का को रैरूमाखुर्द से कोतवाली थाना, तथा संजय नाग को भूपदेवपुर से सायबर थाना भेजा गया है। सहायक उप निरीक्षकों में अमृत मिंज को कोतवाली से रक्षित केंद्र, राजेश दर्शन को रक्षित केंद्र से कोतवाली थाना, प्रेमसाय भगत को अजाक से लैलूंगा थाना पदस्थ किया गया है।

## हाइड्रा की चपेट में आने से एनआरबीएस स्टील प्लांट के एचआर हेड की मौत



**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र स्थित गेरवानी के एनआरबीएस स्टील प्लांट में शनिवार की देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। प्लांट में कार्यरत एचआर हेड संजय त्रिपाठी की हाइड्रा वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसे के बाद उन्हें गंभीर अवस्था में तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

संजय त्रिपाठी लंबे समय से एनआरबीएस स्टील प्लांट में एचआर हेड के पद पर कार्यरत थे। शनिवार की शाम वे प्लांट परिसर में पैदल एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे हाइड्रा वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सिर के बल जमीन पर गिर पड़े, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। हादसे के तुरंत बाद प्लांट के कर्मचारियों ने उन्हें उठाकर इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया और प्रबंधन को घटना की सूचना दी। हालांकि डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों और सहकर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर पूंजीपथरा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि हादसा चालक की लापरवाही, सुरक्षा मानकों की अनदेखी या किसी अन्य वजह से हुआ। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस, लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम छापरपानी की घटना

## भीख मांगकर पेट पालने वाली महिला और 10 माह की मासूम की नृशंस हत्या

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम छापरपानी में एक दिल दहला देने वाली दोहरी हत्या का मामला सामने आया। गांव के खेत में बने बोर घर में रह रही 40 वर्षीय महिला और उसकी 10 माह की मासूम बच्ची पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानलेवा हमला कर दिया। मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल महिला ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने भी इस हत्याकांड के आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मृतका बरत कुमारी अपने पति की मृत्यु के बाद मानसिक रूप से अस्वस्थ रहने लगी थी। वह अपनी 10 माह की बेटी के साथ मायके में रह रही थी और गांव में भीख मांगकर अपना गुजारा करती थी। रात के समय वह गांव के एक खेत में बने बोर घर में जाकर सोती थी। गुरुवार को ग्रामीणों ने बोर घर में महिला को खून से लथपथ घायल अवस्था में देखा और इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा कि महिला के सिर पर



किसी भारी वस्तु से हमला किया गया था, जबकि उसकी मासूम बच्ची भी गंभीर चोटों के कारण मृत पड़ी थी। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल अस्पताल भेजा गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, जहां खून से सनी एक ईंट बरामद हुई है। घटना के संबंध श्रीमती बुधियारो नागवंशी 42 वर्ष निवासी ग्राम छापरपानी ने लैलूंगा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मौसेरी बेटी बरत कुमारी 35 साल का विवाह लगभग चार-पांच वर्ष पूर्व हुआ था। पति की मृत्यु के बाद उसकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं रहती थी, जिसके कारण वह अपने मायके में रह रही थी। वह अक्सर गांव में घूमती रहती थी और ग्राम के प्रहलाद बेहरा के खेत स्थित बोर मकान में रहने लगी थी। प्रारंभिक जांच में इसी ईंट से हमला किए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि आरोपी गलत इरादे से बोर घर पहुंचा था और विरोध होने पर उसने मां-बेटी पर हमला कर दिया। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच और साक्ष्यों के आधार पर ही घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ-साथ घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच कर रही है।

### कुमसरा स्कूल के कर्मचारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी से की शिकायत

# डीईओ ने आश्रित स्कूल को दे दिया डीडीओ का पॉवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमरा के आहरण एवं संवितरण अधिकारी यानी डीडीओ को लेकर शिक्षा विभाग के एक आदेश पर सवाल खड़े हो गए हैं। विद्यालय के कर्मचारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत सौंपकर आरोप लगाया है कि तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी ने नियमों के विपरीत कुसमरा विद्यालय का डीडीओ अधिकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनागर के प्राचार्य को सौंप दिया। कर्मचारियों का कहना है कि यह आदेश वरिष्ठता और प्रशासनिक नियमों के अनुरूप नहीं है, जिससे वित्तीय और प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

शिकायत के अनुसार, कुसमरा विद्यालय के नियमित प्राचार्य के सेवानिवृत्त होने के बाद अप्रैल 2026 में वरिष्ठ व्याख्याता को आहरण




एवं संवितरण का अधिकार दिया गया था। इसके लगभग दो माह बाद नया आदेश जारी कर यह अधिकार धनागर विद्यालय की प्राचार्य को सौंप दिया गया। कर्मचारियों का दावा है कि धनागर विद्यालय वरिष्ठता के आधार पर कुसमरा विद्यालय से नीचे आता है, इसलिए यह निर्णय नियमों के अनुरूप नहीं माना जा सकता। इस आदेश के कारण विद्यालय के कई जरूरी वित्तीय कार्य प्रभावित हुए हैं। विशेष रूप से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों का भुगतान अब तक लंबित है, जबकि ऐसे मामलों में समय पर भुगतान के संबंध में न्यायालय के निर्देश भी मौजूद हैं। कर्मचारियों का कहना है कि भुगतान में देरी से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी ने मौखिक रूप से आदेश में त्रुटि होने की बात स्वीकार की है, लेकिन अब तक इसमें कोई संशोधन नहीं किया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक विवादित आदेश वापस नहीं लिया जाता, तब तक उसके आधार पर किए जा रहे आहरण एवं भुगतान की वैधता पर भी प्रश्नचिह्न बना रहेगा। अब विद्यालय के कर्मचारी जिला शिक्षा अधिकारी से मांग कर रहे हैं कि विवादित आदेश को निरस्त कर कुसमरा विद्यालय को उसका वैधानिक डीडीओ अधिकार वापस सौंपा जाए, ताकि विद्यालय का प्रशासनिक और वित्तीय कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके तथा कर्मचारियों के लंबित भुगतान भी समय पर हो सकें।

## पुलिस ने जब्त की 69.66 लीटर अवैध शराब, 7 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा, पुसौर, पूंजीपथरा एवं चौकी खरसिया पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 69.66 लीटर अवैध महुआ, अंग्रेजी एवं देशी शराब जब्त की है। सात आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

घरघोड़ा पुलिस ने ग्राम रायकेरा में रूपेश बेहरा 36 वर्ष के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब, 7 पाव अंग्रेजी शराब तथा 12 पाव देशी प्लेन शराब सहित कुल 28.420 लीटर शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कीमत 7 हजार 410 रूपए आंकी गई है। पुसौर पुलिस ने ग्राम बरपाली में दो अलग-अलग छापेमार कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में किशन भारती 26 वर्ष के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब तथा



दूसरी कार्रवाई में राकेश भारती 27 वर्ष के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब बरामद की गई है। चौकी खरसिया पुलिस ने ग्राम तेलीकोट बरभाठा रोड पर रेड कार्रवाई करते हुए हरवंश टंडन 56 वर्ष के कब्जे से बिक्री के लिए रखी 10 लीटर हाथभट्ठी की महुआ शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। इसी तरह पूंजीपथरा पुलिस ने ग्राम पाकादरहा, बिलासखार एवं फौजी ढाबा तराईमाल में अलग-अलग कार्रवाई की।



# 'द इंडिया स्टोरी' 24 को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' काफी समय से चर्चा में हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इसका टीजर और पोस्टर जारी किए थे, जिसने रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने वाले विषय को जनता के सामने लाने का संकेत दिया था। जी स्टूडियोज और एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म का निर्देशन चेट्टन डीके ने किया है। फिल्म में काजल वकील के किरदार में हैं, जबकि श्रेयस एक लाचार पिता के रूप में बेटी के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहा है। फिल्म 24 जुलाई को हिंदी, तेलुगु और तमिल में दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

लाइफ Style

# प्रकृति

## दो साल में ही टूटा रिश्ता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगस्त 2024 में प्रकृति घर छोड़कर चली गईं, जिसके बाद दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण तरीके से खत्म किया। काम के मोर्चे पर उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मार्च में उनका शो 'शहजादी है तू दिल की' कम टीआरपी के कारण बंद हो गया था।

'सैयाराब' सीरियल से मशहूर हुईं अभिनेत्री प्रकृति नौटियाल अपनी 2 साल पुरानी शादी को खत्म करने जा रही हैं। यह जोड़ा, जिसने 6 महीने के छोटे से रोमांस के बाद साल 2024 के वेलेंटाइन डे पर शादी की थी, अब अलग होने का फैसला कर चुका है। उनके बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा था। उन्होंने आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दाखिल कर दी है और अब उनकी अगली कोर्ट की तारीख नवंबर में तय है।

***प्रकृति ने अगस्त 2024 में छोड़ा था घर :*** अगस्त 2024 में प्रकृति घर छोड़कर चली गईं, जिसके बाद दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण तरीके से खत्म किया। काम के मोर्चे पर उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मार्च में उनका शो 'शहजादी है तू दिल की' कम टीआरपी के कारण बंद हो गया था।

उन्होंने बताया था कि उन्हें महसूस हुआ कि मूल कहानी से बंधे रहना उन्हें सीमित कर रहा था। शो का अचानक बंद होना उन्हें बहुत दुखी कर गया था।' उन्होंने कहा था, 'यह वाकई निराशाजनक और दिल तोड़ने वाला था।'



हॉलीवुड मसाला



# द ओडिसी... का रिकॉर्ड तोड़ने को तैयार

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलेन की नई फिल्म 'द ओडिसी' 17 जुलाई को भारत के सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है और इसकी एडवांस बुकिंग में भी जबरदस्त हलचल देखी जा रही है। फिल्म के टिकट 150 रुपये से शुरू होकर प्रीमियम सीटों के लिए 3,400 रुपये तक जा रहे हैं। दर्शकों में फिल्म को लेकर कितनी दीवानगी है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। होमर की क्लासिक कहानी से प्रेरित इस महाकाव्य एडवेंचर में मैट डैमन मुख्य भूमिका में हैं। जानकारों का मानना है कि यह फिल्म क्रिस्टोफर की पिछली ब्लॉकबस्टर 'ओपेनहाइमर' से भी बड़ी ब्लाकबस्टर फिल्म साबित होगी।



# गोलम की कास्टिंग पर एंडी सरकिज का दो टूक जवाब

**लॉस एंजिल्स।** 'द हंट फॉर गोलम' में मुख्य भूमिका निभा रहे एंडी सरकिज ने फिल्म की पूरी तरह से श्वेत कास्ट को लेकर हो रहे विरोध पर अपनी बात रखी है। उन्होंने बताया कि कास्टिंग टॉल्किन के मूल विजन के मुताबिक की गई है, जो नॉर्डिक पौराणिक कथाओं से प्रेरित है। एंडी ने कहा, 'द शायर एक ऐसा इलाका है, जो पूरी तरह से श्वेत दिखता है। उन्हें शायर की सीमाओं से बाहर क्या हो रहा है, इसकी खास परवाह नहीं होती, लेकिन वे किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर नहीं आने देना चाहते।' हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि जहां जरूरी होगा, वहां इस मुद्दे पर जरूर ध्यान दिया जाएगा। 'द हंट फॉर गोलम' बिल्बो के जन्मदिन और फ्रोडो के शायर छोड़ने के बीच के 17 साल के अंतराल को दिखाती है।



# इस फिल्म से कहलाई थी एक्शन की रानी

**मुंबई।** अभिनेत्री कैटरीना कैफ 16 जुलाई, 2026 को 43 साल की हो गई हैं। फिलहाल वह बीते कुछ साल से सिनेमा से दूर चल रही हैं और अपना पूरा समय पति विक्की कौशल व बेटे विहान कौशल को दे रही हैं, लेकिन फैंस उनकी वापसी की राह तक रहे हैं। इस बीच, हम आपको कैटरीना की उस फिल्म के बारे में बताएंगे जिसने बॉक्स ऑफिस पर तबाही लाकर रख दी। लोगों ने अभिनेत्री को 'एक्शन की रानी' कहना शुरू कर दिया। यहां जिस फिल्म की बात हो रही है, उसका नाम 'टाइगर जिंदा है' (2017) है। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में सलमान खान मुख्य किरदार में नजर आए थे। यह 'टाइगर' फ्रैंचाइजी की दूसरी कड़ी है, जिसमें कैटरीना ने अपने किरदार 'जोया' (पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट) के रूप में दमदार वापसी की थी।



# सनी अपने बेटे राजवीर को बनाएंगे एक्शन हीरो

**मुंबई।** सनी देओल आगामी फिल्म 'बटवारा 1947' को लेकर चर्चा में हैं, जो अगले महीने 28 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी। इसमें उनके बेटे करण देओल भी अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इस बीच, खबर है कि सनी अपने दूसरे बेटे राजवीर देओल को दोबारा सिनेमा की दुनिया में उतारने की तैयारी में हैं। इसके लिए वह 1985 में रिलीज हुई अपनी सुपरहिट फिल्म 'अर्जुन' का सहारा लेंगे, जिसमें राजवीर बतौर हीरो नजर आ सकते हैं। सनी अपनी फिल्म 'अर्जुन' का रीमेक बनाने जा रहे हैं, जिसमें उनके दूसरे बेटे राजवीर मुख्य भूमिका में होंगे। राहुल रवैल द्वारा निर्देशित ये एक सामाजिक-राजनीतिक एक्शन ड्रामा थी। उन्होंने बताया कि फिल्म के अधिकार करीम मोरानी और उनके साथी सुनील (बंटी) सूरमा के पास थे।

टीवी मसाला



# 'कौन बनेगा करोड़पति 18' की डेट का ऐलान, अमिताभ ही संभालेंगे कमान

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति सीजन 18 के साथ छोटे पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह इस पॉपुलर क्विज शो के 18वें सीजन को होस्ट करते नजर आएंगे। नए सीजन में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए कंटेस्टेंट्स का मशहूर 'हॉट सीट' पर स्वागत किया जाएगा। यह शो ग्रैंड प्राइज जीतने के मौके के लिए उनकी जानकारी और स्किल्स को परखेगा। सोनी टीवी ने सोशल मीडिया पर कई प्रोमो शेयर कर इसके नए फॉर्मेट के बारे में भी बताया है, जो बहुत ही खास होने वाला है। इस बार कंटेस्टेंट्स को सोचना पड़ेगा। 'कौन बनेगा करोड़पति 18' का प्रीमियर 10 अगस्त को होगा।

***कौन बनेगा करोड़पति 18 का नया फॉर्मेट :*** अमिताभ बच्चन इस शो के नए सजीन के साथ फिर से वापसी के लिए तैयार हैं। शो के मेकर्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के नए प्रोमो जारी किए हैं, जिनमें होस्ट अमिताभ बच्चन को रोजमर्रा की स्थितियों में दिखाया गया है। इन प्रोमो में बताया गया है कि आज जानकारी आसानी से मिल जाती है और टेक्नोलॉजी ने लोगों के सीखने का तरीका बदल दिया है, लेकिन सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि जानकारी का समझदारी से इस्तेमाल कैसे किया जाए। इसमें यह भी बताया गया है कि सोचना और सही फैसले लेना भी जरूरी है। ऐसे में कंटेस्टेंट्स को सिर्फ चीजें याद रखने के बजाय सोचने-समझने पर भी ध्यान देना होगा।

***केबीसी 18 नए ट्विस्ट के साथ 10 अगस्त से होगा शुरू :*** 'कौन बनेगा करोड़पति 18' का प्रीमियर 10 अगस्त 2026 को होगा। चैनल ने शो के कई प्रोमो शेयर किए हैं, जिससे पता चलता है कि इस बार इसमें नया ट्विस्ट आने वाला है। पहले प्रोमो में बिग बी कहते हैं, 'इतिहास, खेल, विज्ञान इन सबका ज्ञान इस बार केबीसी में काफी नहीं होगा। क्योंकि अब खेल जो है वो बदल गया है। केवल उत्तर याद रखने से काम नहीं चलने वाला, सोचना पड़ेगा।' दूसरे प्रोमो में दिग्गत अभिनेता कहते हैं, 'देखिए आज एआई ने दुनिया को बदल दिया है। ये बदलाव जो है ना रुकने वाला नहीं है जो कल तक नामुमकिन लगता था, वो आज पल भर में मुमकिन होता है। इस बदलती हुई दुनिया में हम सबको भी बदलना पड़ेगा। इसलिए केबीसी में भी हमने कुछ बदलने का प्रयास किया है, अब उत्तर देने से पहले आपको सोचना पड़ेगा।'

### कौन बनेगा करोड़पति 18 का तीसरा प्रोमो

तीसरे प्रोमो में वह कहते हैं, 'आज कल जवाब जो है वो हर जगह मिलने लग गया है। आपकी जेब मैं भी। नहीं समझे? अरे भाईसाहब आपके फोन पर। इसलिए इस बार केबीसी में हमने कुछ बदलने का प्रयास किया है, जवाब याद रखने से काम नहीं चलेगा, उसके लिए जवाब आपको सोचना पड़ेगा। जी हां, सोचना पड़ेगा।'

# जिस्सू 'बहुरूपी' में इंस्पेक्टर अयान बनकर मचाएंगे धमाल

*जिस्सू सेनगुप्ता एक बार फिर पर्दे पर लौटे हैं। इस बार वह 'बहुरूपी' के सीक्वल 'बहुरूपी: द गोल्डन डाकू' में इंस्पेक्टर अयान बनर्जी का किरदार निभा रहे हैं। निर्देशक नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ('पोस्टो' और 'बाबा बेबी ओ' जैसी फिल्में बनाने वाले) के साथ जिस्सू दोबारा जुड़े हैं।*

**मुंबई।** रथ यात्रा के खास मौके पर फिल्म से जिस्सू का पहला लुक सामने आया। इस लुक में वह पुलिस की वर्दी, एविएटर चश्मा और मोटरसाइकिल पर सवार, एक सख्त और दमदार अवतार में दिखे। फैंस को उनके इस नए अंदाज की झलक मिल गई।

***शिबोप्रसाद ने फिल्म को रथ यात्रा से जोड़ा :*** इस लुक ने यकीनन फिल्म के एक दमदार और रोमांचक नए अध्याय की नींव रख दी है। निर्देशक शिबोप्रसाद ने बताया कि 'रथ यात्रा के इस शुभ दिन पर भगवान जगन्नाथ को याद करते हुए, हमने अपने इस सफर की शुरुआत कर दी है।' यह फिल्म इंस्पेक्टर बनर्जी के इर्द-गिर्द ढेर सारे एक्शन और ड्रामा से भरपूर होने का वादा करती है। इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों में अभी से जबरदस्त उत्साह है।




# रणवीर ने छुपाया 'प्रलय' का लुक

## 300 करोड़ की फिल्म में मचाएंगे तहलका

**मुंबई।** रणवीर सिंह हंसल मेहता के ऑफिस के बाहर काले कपड़ों में ढके दिखाई दिए। उन्होंने अपने सिर पर कैप, मास्क और चश्मा लगा रखा था, ताकि कोई उनकी आने वाली फिल्म 'प्रलय' के नए लुक को देख न सके। पैपराजी के लिए रुककर पोज देने के बजाय, उन्होंने सवालों पर ध्यान नहीं दिया। जब किसी ने मजाक में पूछा, 'बाबा नाराज हो क्या?', तो बस मुस्कुराते हुए तेजी से वहां से निकल गए।

### रणवीर बनेंगे 'प्रलय' के सह-निर्माता

कहानी पर बनी एक पोस्ट-एपोकलिप्टिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन जय मेहता कर रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर कल्याणी प्रियदर्शन के साथ मुख्य भूमिका में दिखेंगे। साथ ही, वे अपनी कंपनी 'मां कसम फिल्म्स' के बैनर तले फिल्म के सह-निर्माता भी हैं। 300 करोड़ रुपये के बड़े बजट वाली यह फिल्म रणवीर के करियर की अब तक की सबसे महंगी सोलो फिल्म होगी। फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू होगी और सितंबर में ऑस्ट्रेलिया में इसके कई अहम हिस्सों की शूटिंग की जाएगी।



# गोविंदा की वापसी से पहले ओटीटी पर जरूर देखें उनकी सुपरहिट फिल्में...

*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा ने बड़े पर्दे पर वापसी का ऐलान कर अपने प्रशंसकों को खुशखबरी दी है। उन्होंने पुष्टि की है कि वह जल्द ही फिल्म 'रूपा' में नजर आएंगे। उनकी वापसी को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह है। ऐसे में नई फिल्म के रिलीज होने से पहले आइए गोविंदा की उन शानदार फिल्मों पर नजर डालते हैं, जिनका आनंद आप विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर ले सकते हैं।*

### 'हीरो नंबर 1' और 'कुली नंबर 1'

साल 1997 में आई डेविड धवन की कॉमेडी फिल्म 'हीरो नंबर 1' में गोविंदा के साथ करिश्मा कपूर, कादर खान और परेश रावल मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। कॉमेडी फिल्म 'कुली नंबर 1' में गोविंदा के साथ-साथ करिश्मा कपूर, कादर खान, हरीश कुमार और शक्ति कपूर ने काम किया था। इस फिल्म का भी आप प्राइम वीडियो पर लुफ्त उठा सकते हैं।

### 'राजा बाबू' और 'दूल्हे राजा'

कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'राजा बाबू' में गोविंदा के साथ-साथ करिश्मा कपूर, शक्ति कपूर, कादर खान और अरुणा ईरानी अहम भूमिका में थे। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। आप इस फिल्म को भी ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। हरमेश मल्होत्रा के निर्देशन में बनी कॉमेडी फिल्म 'दूल्हे राजा' में गोविंदा के साथ-साथ रवीना टंडन, कादर खान, जॉनी लीवर और प्रेम चोपड़ा साथ दिखाई दिए थे। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।



### 'पार्टनर'

सन 2000 के दशक की गोविंदा की सबसे बड़ी हिट फिल्म 'पार्टनर' को डेविड धवन ने निर्देशित किया था। इसमें गोविंदा के साथ सलमान खान, कैटरीना कैफ और लारा दत्ता भी नजर आए थे। आप इस फिल्म को प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

# 'जना नायकन' ने मचाया तूफान की इतने करोड़ की बंपर बुकिंग

**मुंबई।** फिल्म प्रेमियों के लिए एक बड़ी खबर है। तमिलनाडु सरकार ने सुपरस्टार विजय की नई फिल्म 'जना नायकन' के टिकटों का अधिकतम मूल्य 190 रुपये तय कर दिया है। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि निष्पक्षता बनी रहे और टिकटों की कालाबाजारी या मनमानी कीमत वसूली पर रोक लग सके। निर्देशक एच. विनोथ द्वारा निर्देशित यह फिल्म 23 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राज्य में इसकी एडवांस बुकिंग 19 जुलाई से शुरू हो जाएगी।



### एडवांस बुकिंग दुनिया भर में 4 करोड़ पार

'जना नायकन' फिल्म रिलीज से पहले ही खूब चर्चा बटोर रही है। 16 जुलाई तक, इसकी एडवांस बुकिंग ने दुनिया भर में 4 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। रिलीज के दिन, दक्षिण भारत में सुबह 6 बजे से ही फिल्म के शो शुरू हो जाएंगे। वहीं, कर्नाटक के सिनेमाघरों में, जहां टिकटों की कीमतों पर कोई सरकारी पाबंदी नहीं है, वहां एक टिकट 800 से 1000 रुपये में बिक रहा है। उत्तर भारत में फिल्म की भारी मांग के कारण इसे लगभग 2000 सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। साथ ही मुंबई के मलाड और अंधेरी जैसे तमिल बहुल इलाकों में सुबह 4 बजे के विशेष शो भी रखे गए हैं।

**खबर संक्षेप**

## दिव्यांग हितग्राही की 12 दिनों के अंदर शुरू हुई पेंशन

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम पंडरीपानी निवासी प्रमनाथ मिर्रे पेंशन शुरू कराने के लिए लगातार प्रयासों के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। आखिरकार उनके पुत्र प्रताप मिर्रे ने 20 जून को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। परिणामस्वरूप महज 12 दिनों के भीतर उनकी शिकायत का निराकरण कर दिया गया और प्रमनाथ मिर्रे को दिव्यांग पेंशन का लाभ मिलना शुरू हो गया। प्रमनाथ मिर्रे और उनके परिवार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो कार्य अनेक प्रयास से नहीं हो पा रहा था वह सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से कुछ ही दिनों में पूरा हो गया।

## किसानों को किया जा रहा प्रोत्साहित

**जशपुरनगर।** जिले में मृदा स्वास्थ्य सुधार, भूमि की उर्वराशक्ति बनाए रखने और मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा लगातार विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। किसानों को हरी खाद, जैविक खाद और मृदा परीक्षण आधारित संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए नियमित रूप से प्रोत्साहित एवं जागरूक किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जशपुर ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा किसानों को हरी खाद के रूप में ढैंचा, सनई सहित अन्य उपयुक्त फसलों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। हरी खाद के उपयोग से मिट्टी में जैविक पदार्थों और जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ाने में सहायता मिलती है। इसके साथ ही भूमि की संरचना एवं उर्वराशक्ति में सुधार होता है और लंबे समय में रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने में भी मदद मिलती है। वर्तमान में राज्य शासन द्वारा संचालित हरी खाद कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को हरी खाद अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## मामूली विवाद पर बेटे ने की पिता की हत्या

**जशपुरनगर।** मामूली विवाद में बेटे ने पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 16 जुलाई को अजय कुमार नाग उम्र 30 वर्ष ने थाना नारायणपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे तीन भाई हैं। उनका एक भाई बाहर राज्य में काम करता है। गांव में वह पत्नी बच्चों व अपने मां बाप के साथ रहता है। उनके साथ उसका बड़ा भाई पूना राम नाग भी रहता है, जिसकी शादी नहीं हुई है। 16 जुलाई को वह पत्नी व बच्चों के साथ खेती का काम करने खेत गया था। घर में उसकी मां व पिता थे। शाम करीब 4 बजे प्रार्थी के बड़े पिताजी के बेटे ने उसे आकर बताया कि पिता बंधु नाग उम्र 52 वर्ष को भाई पूना राम ने लकड़ी की फाड़ी से मारकर हत्या कर दी है। खबर पाकर वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ घर आकर देखा, तो पाया घर के आंगन में उनके पिता मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। सिके सिर से खून निकल रहा था। मां से पूछने पर उसने बताया कि उसका बड़ा भाई आरोपी पूना राम शराब के नशे में घर आया था व अपने पिताजी से लड़ाई कर, आंगन में पड़ी लकड़ी की फाड़ी से सिर में हमला कर उसकी हत्या कर दी।

## लुड़ेग तमता मंडल की बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा

**पत्थलगांव।** लुड़ेग तमता मंडल की मासिक कामकाजी बैठक शनिवार को ग्राम लुड़ेग में आहूत की गई। बैठक में जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला पंचायत के अध्यक्ष सालिक साय ,जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, जिला मंत्री आलोक सारथी ,मंडल प्रभारी हरजीत सिंह भाटिया, बागबाहर मंडल के प्रभारी संजू लोहिया ,सरपंच संघ के अध्यक्ष रोशन प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल महामंत्री लक्ष्मी नारायण एवं विनोद यादव, उपाध्यक्ष सुरेश यादव, रवि यादब सहित लुड़ेग तमता मंडल के सभी मोर्चा के पदाधिकारी शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक और प्रभारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### पुलिस, अभियोजन एवं शासकीय अधिवक्ताओं की संयुक्त समन्वय बैठक

# नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनार्दन खरे एवं डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. लाल उमेद सिंह की उपस्थिति में पुलिस, अभियोजन एवं शासकीय अधिवक्ताओं की संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारी, अभियोजन अधिकारी, थाना प्रभारी, विवेचक एवं शासकीय अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

■ की गई ट्रायल प्रक्रिया, लंबित प्रकरणों की समीक्षा

बैठक को संबोधित करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनार्दन खरे ने कहा कि नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस, अभियोजन एवं न्यायपालिका के मध्य बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण विवेचना, वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन, प्रभावी अभियोजन तथा न्यायालय में सशक्त पैरवी ही दोषसिद्धि दर बढ़ाने का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक प्रकरण में विधिक प्रावधानों का गंभीरता से पालन करने, समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने तथा पीड़ितों को त्वरित एवं प्रभावी न्याय दिलाने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने का आह्वान किया। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. लाल उमेद सिंह ने अधिकारियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत ट्रायल (विचारण) की विभिन्न प्रक्रियाओं सत्र ट्रायल, वारंट ट्रायल, समन ट्रायल एवं संक्षिप्त ट्रायल की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवीन कानूनों का उद्देश्य केवल अपराधियों को दंडित करना नहीं, बल्कि पीड़ितों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने विवेचना एवं अभियोजन में तकनीक के अधिकतम उपयोग, इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों, वीडियो कांफ्रेसिंग, वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन तथा समयबद्ध न्यायिक प्रक्रिया पर विशेष बल दिया।

बैठक के दौरान अभियोजन कार्यों की समीक्षा करते हुए डीआईजी एवं एसएसपी डा. लाल उमेद सिंह ने निर्देशित किया कि सरगुजा संभाग की दोषमुक्ति समीक्षा के लिए प्रत्येक माह की 7 तारीख तक जिले के समस्त दोषमुक्ति प्रकरण उपसंचालक अभियोजन कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित किए जाएं, ताकि निर्धारित समय-सीमा में उनकी समीक्षा कर संभाग स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

### प्रकरणों का हो त्वरित निराकरण

बैठक में धारा 346 बीएनएसएस के अंतर्गत दो से अधिक स्थगन होने पर न्यायालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करने, धारा 356 बीएनएसएस के अंतर्गत फरारी में विचारण के मामलों में समय पर आवेदन प्रस्तुत करने, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कराए गए गवाहियों का पृथक अभिलेख संधारित करने तथा उसकी मासिक जानकारी उपसंचालक अभियोजन कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही जिन प्रकरणों में एफएसएल एवं डीएनए रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई हैं, उनमें संबंधित प्रयोगशालाओं से नियमित पत्राचार कर रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त करने एवं लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### दिए गए कई निर्देश

डीआईजी ने विवेचकों को जब्ती कार्रवाई की वीडियोग्राफी को न्यायालय में प्रदर्शित कराने, उसका विवरण डिपोजिशन शीट में अंकित कराने तथा धारा 63 बीएनएसएस के अंतर्गत आवश्यक प्रमाण-पत्र को प्रदर्शांकित कराने के निर्देश दिए। साथ ही जिन प्रकरणों में धारा 164 सीआरपीसी/धारा 183 बीएनएसएस के अंतर्गत कथन दर्ज हैं और बाद में पीड़िता पक्षद्रोही हो जाती है, उनमें धारा 344 सीआरपीसी/धारा 383 बीएनएसएस के अंतर्गत आवश्यक आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### गुणवत्तापूर्ण विवेचना पर जोर

बैठक के अंत में डीआईजी एवं एसएसपी डा. लाल उमेद सिंह ने कहा कि नवीन आपराधिक कानूनों का समुचित अध्ययन, गुणवत्तापूर्ण विवेचना, प्रभावी अभियोजन तथा पुलिस, अभियोजन एवं न्यायपालिका के मध्य सतत समन्वय से ही न्यायालयों में दोषसिद्धि दर में वृद्धि संभव है। उन्होंने सभी अधिकारियों से प्रत्येक प्रकरण में विधिक प्रावधानों का समयबद्ध एवं प्रभावी पालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके तथा न्याय व्यवस्था में आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

### इनकी रही उपस्थिति

उक्त समन्वय बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार, एसडीओपी चंद्रशेखर परमा, एसडीओपी कुनकुरी विनोद मंडावी, एसडीओपी बगीचा दिलीप कोसले, डीएसपी भावेष समरथ, डीएसपी आशा तिर्की, डीपीओ विपिन कुमार, एडीपीओ आरती कटकवार, एडीपीओ राहुल गुप्ता, मेरी रोजालिया कुजूर, शासकीय अभिभाषक चंद्रमोहन प्रसाद सिंह, एजीपी अजय कुमार सिन्हा, सुरेन्द्र कुमार कच्छप, राजेन्द्र प्रसाद होता, भरत यादव, पुष्पा सिंह एवं थाने के विवेचक आदि उपस्थित रहे।

# दबंगों ने खेत की खड़ी फसल को ट्रैक्टर से रौंदा, जुर्म दर्ज



युवक के साथ मारपीट करते आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर/पत्थलगांव

खेत में काम कर रहे परिवार के साथ मारपीट कर खड़ी फसल को ट्रैक्टर से रौंदने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजय बड़ा एवं उनका परिवार ग्राम टुकूपखना स्थित अपनी पैतृक भूमि पर धान की खेती कर जीवन-यापन करता है। 17 जुलाई को सुबह लगभग 10 बजे आरोपियों ने एक राय होकर कुदाल, लाठी एवं अन्य हथियारों से लैस होकर खेत में जबरन प्रवेश किया तथा जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए प्रार्थी परिवार को खेत से बाहर खदेड़ दिया। आरोपियों ने दो ट्रैक्टरों से खेत में खड़ी धान की फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया तथा भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर प्रार्थी की माता के साथ मारपीट कर उन्हें धक्का देकर गिराया गया। उल्लेख है कि बीच-बचाव करने पहुंची प्रार्थी की बहन को धमकी देते हुए आरोपियों ने जबरन घसीटने का प्रयास किया। प्रार्थी द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने जाति सूचक अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। प्रार्थी की शिकायत पर अजाक थाना जशपुर में आरोपियों भगवानों यादव, प्रेमचंद, नरेन्द्र यादव, पदमन, दिलबंधु, जगबंधु, नवीन यादव, बिछी यादव, दसई यादव एवं गरीब साय (सरपंच) के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराएं 189, 191, 329, 324, 115, 74, 351 (2), 351 (3) तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धाराएं 3 (1) (f), 3 (1) (w) (i), 3 (1) (द), 3 (1) (घ) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दिया गया है।

■ जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का किया प्रयास

# एनटीपीसी लारा में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा

**लारा, रायगढ़।** एनटीपीसी लारा में भगवान जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा का पर्व श्रद्धा भक्ति एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परियोजना के कर्मचारी, उनके परिजन, सीआईएसएफ के जवान, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा टाउनशिप के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे परिसर में भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक सौहार्द का वातावरण देखने को मिला।



कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक पूजा अर्चना के साथ हुआ। इसके उपरांत भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की सुसज्जित रथ यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ रथ को खींचा तथा भजन कीर्तन एवं जयघोषों के बीच वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर एनटीपीसी लारा के परियोजना प्रमुख हेड ऑफ प्रोजेक्ट सुभाष ठाकुर ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन एवं पूजा अर्चना कर समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने रथ यात्रा के पावन अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ देते हुए आयोजन को सफल बनाने में सभी के उत्साहपूर्ण सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। सभी ने भगवान जगन्नाथ से देश, समाज एवं सभी के सुख समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। एनटीपीसी लारा द्वारा आयोजित यह भव्य रथ यात्रा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण तथा कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के बीच सामाजिक समरसता, एकता और पारिवारिक भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही।

# इला में निकली रथयात्रा, श्रद्धालुओं ने किए महाप्रभु के दर्शन

**पत्थलगांव।** ग्राम इला में आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति का महापर्व भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा धार्मिक उत्साह और भव्यता के साथ निकाली गई। भगवान जगन्नाथ को आकर्षक रथ में विराजित कर गांव में भ्रमण कराया गया। रथयात्रा की शुरुआत राधाकृष्णन मंदिर से पारंपरिक वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद हुई, उसके बाद भगवान को रथ पर विराजित किया गया। श्रद्धालु "जय जगन्नाथ" के गगनभेदी जयघोष लगाते रहे और गांव मे भ्रमण के लिए निकले। इस धार्मिक आयोजन की खास बात यह है कि गांववासी कई दशकों से इस रथयात्रा की परंपरा से जुड़े हुए हैं। रथयात्रा के दौरान गांव की गलियां भक्ति के रंग में सराबोर थी। भक्त मंगल गीत गा रहे थे। बच्चे उत्साह से झूम रहे थे और श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। रविवार को दोपहर से भारी बारिश के बावजूद रथ यात्रा में भीड़ दिखी।



# खेत जुताई के दौरान ट्रैक्टर से दबकर दो की मौत

**जशपुरनगर।** जिले के सन्ना थाना क्षेत्र अंतर्गत कोदोपारा गांव में रविवार को खेत की जुताई के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। जुताई कर रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसके नीचे दबने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों की पहचान ट्रैक्टर चालक उदय राम और ट्रैक्टर मालिक बरतु राम के रूप में हुई है। हादसा इतना भीषण था कि दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही सन्ना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, खेत की जुताई के दौरान ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे यह हादसा हुआ। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



■ ट्रैक्टर अनियंत्रित हो पलटा

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरिया, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

रा.मा.क्र ब-121 वर्ष 2025-26
ग्राम लुकापारा प.ह.नं 15
रा.नि.मं- सरिया तहसील सरिया

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशन सिदार पिता डीलेश्वर सिदार निवासी लुकापारा तहसील सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ.ग. के द्वारा अपने बुआ मुनुदाई का मृत्यु दिनांक 20.09.2025 (शब्दों में बीस सितम्बर दो हजार पच्चीस) को ग्राम लुकापारा में मृत्यु होने से तथा समयावधि में पंजीयन दर्ज नहीं करा पाने से जन्म / मृत्यु पंजीयन दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र, अनुपलब्धता, चालान एवं शपथ पत्र एवं दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 20.07.2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सरिया**

# कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव दोकड़ा में आयोजित पांच दिवसीय श्री जगन्नाथ कथा का द्वितीय दिवस शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कथा वाचक एवं छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कीर्तन गायक कामता प्रसाद शरण ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य अवतार, जन्मोत्सव तथा उनकी बाल एवं अलौकिक लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण एवं संगीतमय वर्णन किया।

■ दोकड़ा में पांच दिवसीय जगन्नाथ कथा का दूसरा दिन

कथा का रसपान कर उपस्थित हजारों श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर हो गए। कथा के दौरान कामता प्रसाद शरण ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है और धर्म संकट में पड़ता है, तब भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भी अत्याचार और अन्याय के अंत के लिए हुआ। उन्होंने कंस के अत्याचार, माता देवकी और वसुदेव की कारागार में पीड़ा तथा भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य प्राकट्य का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।कथावाचक ने वसुदेव द्वारा नवजात श्रीकृष्ण को यमुना नदी पार कर गोकुल पहुंचाने, माता यशोदा की गोद में पालन-पोषण, माखन चोरी, गोप-बालकों के साथ बाल लीलाएं, पूतना वध, कालिय नाग दमन तथा गोवर्धन धारण जैसी अनेक दिव्य लीलाओं का सजीव वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला मानव जीवन को प्रेम, करुणा, धर्म, सत्य और लोककल्याण का संदेश देती है। पांच दिवसीय जगन्नाथ कथा जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा के गजपति महाराज एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय के विशेष सानिध्य में आयोजित की जा रही है। प्रतिदिन दोपहर 3:30 से शाम 7:30 बजे तक कथा एवं संगीतमय भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।श्री जगन्नाथ मंदिर समिति ने बताया कि आगामी दिनों में भी कथा के साथ भजन-कीर्तन, महाआरती एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के चलते पूरे दोकड़ा क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्सव का वातावरण बना हुआ है।



### श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे

कथा के दौरान संगीतमय भजनों और मधुर कीर्तन से पूरा कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। श्रद्धालु जय श्रीकृष्ण और जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ भक्ति रस में डूबे रहे। कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ एवं श्रीकृष्ण के चरणों में सुख, शांति, समृद्धि और विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

## सिंघरी तालाब में साढ़े छह फीट का मगरमच्छ पकड़ा गया

**अकलतरा।** ग्राम पोड़ी दल्हा गांव स्थित सिंघरी तालाब में शनिवार को लगभग साढ़े छह फीट लंबा एक व्यस्क मगरमच्छ पकड़ा गया। तालाब में मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाया।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### प्रकाश ने नीट में हासिल किया 518 अंक



**बिलाईगढ़।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बनाहिल के छात्र प्रकाश साहू ने नीट यूजी 2026 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रकाश ने 720 में से 518 अंक प्राप्त किए हैं और अब उनका चयन एक प्रतिष्ठित सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए होने की प्रबल संभावना है। प्रकाश, संतोष कुमार साहू एवं रामेश्वरी साहू के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रकाश ने अपनी सफलता का राज बताते हुए कहा कि वे प्रतिदिन 8 से 10 घंटे पूरी एकाग्रता के साथ पढ़ाई करते थे। उन्होंने विशेष रूप से एनसीईआरटी की पुस्तकों के कॉन्सेप्ट्स को मजबूत करने और नियमित मॉक टेस्ट देने पर जोर दिया। उन्होंने बताया, शुरुआत में फिजिक्स विषय से डर लगता था, लेकिन लगातार अभ्यास और मॉक टेस्ट की मदद से वह डर खत्म हो गया।

### कई व्यवसायों में मिलेगा प्रवेश

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई रायगढ़ में सत्र 2026 के लिए विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थी 24 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी और अभ्यर्थियों को संचालनालय के निर्धारित पोर्टल पर जाकर पंजीयन करना होगा।

### किरोड़ीमल में ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग शिविर

**रायगढ़।** ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग बच्चों के आकलन एवं आवश्यकता निर्धारण शिविर का आयोजन प्राथमिक शाला बालक, किरोड़ीमल नगर, विकासखंड रायगढ़ में किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने सहभागिता कर आवश्यक सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की क्षमताओं, आवश्यकताओं एवं समस्याओं की पहचान कर उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं, सहायक उपकरणों, चिकित्सकीय सेवाओं एवं विशेष शैक्षणिक सुविधाओं से जोड़ना रहा। शिविर में जिला चिकित्सालय रायगढ़ से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने पहुंचकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श प्रदान किया। चिकित्सकीय दल में ईएनटी विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल रहे। विशेषज्ञों द्वारा बच्चों की शारीरिक एवं चिकित्सकीय स्थिति का परीक्षण कर उनकी जरूरतों के अनुसार आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में कुल 75 दिव्यांग बच्चों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 35 बच्चों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया गया।

### फसल बीमा को लेकर वर्कशॉप का आयोजन

**रायगढ़।** खरीफ सीजन में अधिक से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कृषि विभाग, एआईसी तथा सीएससी के अधिकारियों ने विकासखंड स्तर के कृषि अधिकारियों और सीएससी के विलेज लेवल इंटरप्रेन्योर को योजना के प्रत्येक पहलू की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानों, किसानों के ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, पात्रता, बीमा आवेदन की समय सीमा तथा तकनीकी प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी साझा की। साथ ही बताया गया कि प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि, ओलावृष्टि एवं अन्य जोखिमों से फसलों को होने वाले नुकसान की स्थिति में यह योजना किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच का कार्य करती है।

भाई की कलाई पर प्यार, धरती मां को उपहार की थीम पर अभिनव पहल

# दीदियों की अनूठी पहल, चावल और बीज से तैयार कर रही राखी, रक्षाबंधन पर बिखरेगी हरियाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में स्व सहायता समूहों की दीदियां इन दिनों रक्षाबंधन को प्रकृति से जोड़ने की अनूठी मिसाल पेश कर रही हैं। इस बार रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के अटूट स्नेह के साथ हरियाली और प्रकृति संरक्षण का भी संदेश देगा।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत रायगढ़ एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम बिहान के सहयोग से जिलेभर में महिलाएं धान, मक्का, सेमी, करेला, बरबटी सहित विभिन्न देसी बीजों से आकर्षक बीज राखियां तैयार कर रही हैं। यह अनूठी राखी केवल भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक नहीं होगी, बल्कि धरती मां को हरियाली का उपहार देने का भी संदेश देगी। विशेष बात यह है कि यदि रक्षाबंधन के बाद यह राखी मिट्टी में चली जाती है या बाहर फेंकी जाती है, तो इसमें लगे बीज अंकुरित होकर पौधे का रूप ले लेंगे और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएंगे। बीज राखी अभियान के माध्यम से जिले की स्व सहायता समूहों की महिलाएं न केवल अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दे रही हैं बल्कि समाज को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी दे रही हैं। इस पहल का उद्देश्य रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक पर्व को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए अधिक से अधिक लोगों को हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम दुलियामुड़ा कोयलार में कृष्णा स्व सहायता समूह की सक्रिय महिला कविता राठिया ने धान, भुट्टा, सेमी, करेला एवं बरबटी के बीजों से आकर्षक बीज राखियां तैयार की हैं। उनका समूह जय ठाकुर देव ग्राम संगठन, रोशनी महिला संकुल संगठन दुर्गापुर से जुड़ा हुआ है। कविता राठिया की यह पहल अन्य समूहों के लिए भी प्रेरणा बन रही है। इसी प्रकार रायगढ़ जिले के सभी सातों विकासखंडों में बीज राखी बनाने का कार्य पूरे उत्साह के साथ चल रहा है। रायगढ़ विकासखंड के बैसपाली नंदेली सीएलएफ, जुनवानी ग्राम संगठन, लोइंग क्लस्टर, गोपालपुर एवं संबलपुरी सीएलएफ, धर्मजयगढ़ में कृषि सखियों द्वारा, लैलूंगा, तमनार के लिबरा गांव में जननी स्व सहायता समूह, घरघोड़ा के बड़ेगुमड़ा में गायत्री स्व सहायता समूह तथा पुसौर के पुटकापुरी क्लस्टर सहित जिलेभर की महिलाएं पर्यावरण मित्र बीज राखियां तैयार कर रही हैं। गांव गांव में आयोजित स्व सहायता समूहों की बैठकों में भी इस अभियान को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।





राखियां तैयार करती स्व सहायता समूह की महिलाएं।

### सातों ब्लाकों से चुनी जाएगी सर्वश्रेष्ठ बीज राखी

अभियान के तहत 20 जुलाई को जिले के सभी सातों विकासखंडों से एक एक सर्वश्रेष्ठ बीज राखी का चयन किया जाएगा। चयन के दौरान राखी की आकर्षक डिजाइन, नवाचार, देसी बीजों का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण का संदेश तथा रचनात्मकता जैसे पहलुओं को आधार बनाया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को प्रेरित करना है।

### अधिकारियों को बीज राखी बांधेंगी चयनित सात दीदियां, होंगी सम्मानित

20 जुलाई को चयनित होने वाली सातों विकासखंडों की विजेता दीदियों को 27 जुलाई को विशेष सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर वे कलेक्टर सहित जिले के शीर्ष अधिकारियों को अपने हाथों से बीज राखी बांधेंगी। इसके पश्चात सभी चयनित दीदियों को उनके नवाचार, उत्कृष्ट कार्य एवं पर्यावरण संरक्षण में योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। यह अभियान केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का जनआंदोलन बनता जा रहा है। एनआरएलएम बिहान से जुड़ी स्व सहायता समूहों की दीदियां अपनी मेहनत और नवाचार से यह संदेश दे रही हैं कि यदि हर त्योहार को प्रकृति से जोड़ा जाए तो सामाजिक परंपराओं के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।



# सीईओ ने लिया पीएम आवास का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे और सहायक कलेक्टर गोकुल आरके ने ग्राम पंचायत पंडरीपानी पूर्व एवं कुसमुरा का स्थलीय निरीक्षण कर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आवासों, पेयजल अधोसंरचना एवं योजनाओं के संचालन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान पंडरीपानी पूर्व ग्राम पंचायत में 198 आवास स्वीकृत पाए गए, जिनमें 186 हितग्राहियों को प्रथम किस्त तथा 160 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त जारी की जा चुकी है। जिला पंचायत सीईओ ने अप्रारंभ आवासों में तत्काल निर्माण प्रारंभ कराने तथा विभिन्न चरणों में लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कुसमुरा में 169 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें 168 हितग्राहियों को प्रथम तथा 164 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त का भुगतान किया जा चुका है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पंडरीपानी पूर्व में अधिकारियों ने ओवरहेड टैंक ओएचटी पाइपलाइन नेटवर्क एवं फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन एफएचटीसी का निरीक्षण किया। योजना के अंतर्गत 255 एफएचटीसी लगभग 4,636 मीटर पाइपलाइन तथा 50 किलोलीटर क्षमता का 12 मीटर ऊंचा ओवरहेड टैंक स्थापित किया गया है। जिला पंचायत सीईओ ने घर-घर नियमित एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा योजना के प्रभावी संचालन एवं अनुरक्षण के निर्देश दिए। इसके बाद ग्राम पंचायत कुसमुरा में रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना एवं ग्राम पंचायत को हस्तांतरित हैंडेड ओवर योजना का निरीक्षण किया गया। यहां 414 एफएचटीसी लगभग 550 मीटर पाइपलाइन विस्तार तथा 85 किलोलीटर क्षमता का 12 मीटर ऊंचा ओवरहेड टैंक स्थापित किया गया है।

# मासूम छात्र से मारपीट का आरोप प्राचार्य के खिलाफ एफआईआर

**चंद्रपुर।** सक्ती जिले के अंतिम छोर स्थित मां चंद्रहासिनी की नगरी चंद्रपुर के सरस्वती इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 5वीं के छात्र के साथ विद्यालय के प्राचार्य विनोद पटेल द्वारा कथित रूप से गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला अब पुलिस तक पहुंच गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 115(2) एवं 296 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



शिकायत के अनुसार, 14 जुलाई को दोपहर करीब 1 बजे स्कूल परिसर में छात्र के टाइल्स पर फिसलने की बात को लेकर प्राचार्य ने कथित रूप से उसे अपमानित किया, अभद्र भाषा का प्रयोग किया और सिर के पीछे थप्पड़ मार दिया। डरा-सहमा बच्चा घर पहुंचा और उसने अपने माता-पिता को पूरी घटना बताई। इसके बाद पिता ने जब प्राचार्य से फोन पर जवाब मांगा तो, शिकायत के अनुसार, उन्हें भी संतोषजनक उत्तर नहीं मिला और बहस हुई। पीड़ित परिवार ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस में दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने धारा 115(2) एवं 296 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

> यदि किसी भी बच्चे के साथ स्कूल परिसर में शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना, क्रूरता या किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार की शिकायत सामने आती है, तो उसे अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा। चंद्रपुर के इस मामले की जानकारी प्राप्त होने पर छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग आवश्यक तथ्यों की जांच कराएगा तथा संबंधित अधिकारियों से प्रतिवेदन भी मांगा जा सकता है।
>
> **डॉ. वर्णिका शर्मा**
> **अध्यक्ष, छग राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग**

# स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और हॉस्टलों का निरीक्षण राजस्व अधिकारियों ने दी अचानक दबिश

**रायगढ़।** राजस्व अधिकारियों एवं जनपद सीईओ ने अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों, शासकीय विद्यालयों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा आदिवासी छात्रावासों का निर्धारित जांच बिंदुओं के अनुरूप निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है।



निरीक्षण के दौरान संस्थानों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, कर्मचारियों की उपस्थिति, सेवा प्रदायगी तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए जा रहे हैं। रायगढ़ एसडीएम महेश शर्मा ने प्राइमरी स्कूल कौहाकुंडा का निरीक्षण कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई तथा शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण बनाए रखने, विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सभी व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वहीं घरघोड़ा एसडीएम प्रवीण तिवारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान ओपीडी में 144 मरीज उपचार प्राप्त कर रहे थे। अस्पताल परिसर की स्वच्छता संतोषजनक पाई गई तथा पैथोलॉजी प्रयोगशाला में नियमित जांच कार्य संचालित मिला। आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध पाई गईं। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निजी वार्ड की सुविधा विकसित करने, जनरेटर को शीघ्र चालू कर ब्लड बैंक का संचालन सुनिश्चित करने, पैथोलॉजी जांच के लिए आवश्यक किटों की उपलब्धता बनाए रखने तथा मरीजों के परिजनों के लिए बेहतर प्रतीक्षा एवं ठहरने की व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार तहसील पुसौर स्थित आदिवासी छात्रावास का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया तथा छात्रावास में 41 छात्र उपस्थित मिले। छात्रावास के कक्ष, रसोईघर, शौचालय एवं परिसर की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई।

# जिला पंचायत सीईओ ने ली बैठक

**कोसीर।** नवपदस्थ जिपं सीईओ ऋषिकेश तिवारी सारंगढ़ जनपद में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समस्त हितग्राहीमूलक और विकास योजनाओं की मैराथन समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा, एनआरएलएम बिहान और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की जांच की गई।

सीईओ श्री तिवारी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों, सरपंचों और सचिवों को स्पष्ट हिदायत दी कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी को नियमतः और गुणवत्तापूर्ण कार्य त्वरित गति से निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के कड़े निर्देश दिए।



शिल्पकारों का बढ़ाया हौसला, राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाने की बात कही समीक्षा बैठक के उपरांत जिला पंचायत सीईओ ग्राम पंचायत बैगिनडीह पहुंचे। वहां उन्होंने स्थानीय झाराशिल्प बेल मेटल आर्ट के शिल्पकारों से मुलाकात की। श्री तिवारी ने शिल्पकारों की बेजोड़ कलाकृति और हुनर की भूरि भूरि सराहना करते हुए कहा कि इस पारंपरिक हस्तशिल्प को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान और मंच दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

# कन्या छात्रावास में लगाया गया 51 पौधे

**खरसिया।** लायंस क्लब खरसिया सिटी द्वारा एक पेड़ माँ के नाम के तहत एमआर फैमिली द्वारा स्वर्गीय माता मणि देवी की स्मृति में संकल्पित 1100 पौधों का पौधरोपण अभियान के तहत शासकीय बालिका छात्रावास परिसर परसकोल में 51 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए लायन ऋषि अग्रवाल ने कहा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के प्रति लोगों में जनजागरूकता बढ़ाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है।



इस अवसर पर स्कूल की छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा के लिए टी गार्ड का उपयोग करने का आग्रह किया गया, ताकि पौधे सुरक्षित रहकर बड़े वृक्ष बन सकें। क्लब अध्यक्ष लायन संजय अग्रवाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति पौधे लगाकर उनकी देखभाल करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सकेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायन ऋषि अग्रवाल लायन संजय अग्रवाल, लायन रामनारायण सोनी, लायन सुंदरमल, राकेश गायत्री, संजय गुप्ता, संजय गुप्ता पत्रकार, प्रधान पाठक सिदार, छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती सरिता पटेल स्कूल स्टाफ सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लायन रामनारायण सोनी संटी ने किया कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

# अभिनव स्कूल में गूंजे जय जगन्नाथ के जयघोष



**पुसौर।** पुसौर स्थित अभिनव स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को भव्य रथयात्रा समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधन का मानना है कि बच्चों को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रखकर उन्हें प्रयोगों, गतिविधियों और अपनी सनातन संस्कृति से जोड़ना जरूरी है ताकि वे अच्छे नागरिक बन सकें। इसी सोच के साथ स्कूल प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी के दिशा-निर्देश और मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रचनात्मक गतिविधि से हुई। छात्रों को भगवान जगन्नाथ बलभद्र और देवी सुभद्रा के विग्रह चित्र बनाकर लाने के लिए कहा गया। जिन छात्र-छात्राओं ने सहमति जताई उन्होंने समूहों में अलग-अलग तरीके से सुंदर विग्रह तैयार किए। इनमें से सबसे उत्कृष्ट माने गए चित्रों का चयन कर उन्हें मुख्य पूजा के लिए स्थापित किया गया।

सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ा रहे आगे

# एनटीपीसी ने विद्यार्थियों को किया सामग्री वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

समावेशी एवं सतत सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए एनटीपीसी लारा ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर पहल के अंतर्गत ग्राम छपोरा में लगभग 200 विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर एनटीपीसी लारा के परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर तथा मानव संसाधन प्रमुख जाकिर खान ने विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री, प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें, अध्ययन गाइड, रेनकोट एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित की। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन संसाधन उपलब्ध कराकर उनकी शैक्षणिक प्रगति को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सुभाष ठाकुर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए भविष्य में क्षेत्र के समग्र सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए उपयोगी सीएसआर गतिविधियों संबंधी सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी लारा स्थानीय समुदाय की आवश्यकताओं के अनुरूप, सतत एवं जनहितकारी सीएसआर परियोजनाओं के माध्यम से आसपास के गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम मानते हुए एनटीपीसी लारा ऐसी जनकल्याणकारी पहलों के माध्यम से ग्रामीण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण तथा एक सशक्त, शिक्षित एवं समावेशी समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है।



### एनटीपीसी लारा में नव गुरुकुल स्कूल के विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा में नव गुरुकुल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण इंडस्ट्रियल एक्सपोजर विज़िट का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को बिजली उत्पादन की आधुनिक प्रक्रिया एवं औद्योगिक कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान एनटीपीसी के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को प्लांट के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों का अवलोकन कराया। उन्होंने कंट्रोल रूमए टरबाइनए जनरेटर, कोयला प्रबंधन संयंत्र सीएचपी सहित विद्युत उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। विद्यार्थियों ने अधिकारियों से विभिन्न तकनीकी विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका विस्तार से उत्तर दिया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने एनटीपीसी लारा के परियोजना प्रमुख व सुभाष ठाकुर से संवाद किया। श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करनेए विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा अपने ज्ञान और कौशल से देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।



